सं. 05/04/2025 – रा. भा. (सेवा)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय/ राजभाषा विभाग

एनडीसीसी –II भवन,
बी विंग, चौथा तल, जय सिंह रोड,
नई दिल्ली – 110 001
दिनांक: 26 फरवरी, 2026

कार्यालय आदेश

राष्ट्रपति सचिवालय के दिनांक 24 फरवरी, 2026 के आई डी नोट सं. ए – 36011/10/22 – प्रशा. के अनुसरण में केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के निम्नलिखित उप निदेशक (रा. भा.) को राष्ट्रपति सचिवालय में को – टर्मिनस आधार पर विशेष कार्य अधिकारी (हिंदी) के पद पर तैनात किया जाता है:-

क्र.सं.	नाम / पदनाम	वर्तमान तैनाती	तैनाती का कार्यालय
1.	श्री प्रशान्त कुमार, उप निदेशक	सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय	राष्ट्रपति सचिवालय [विशेष कार्य अधिकारी (हिंदी)]

2. श्री प्रशान्त कुमार, उप निदेशक (रा. भा.) के स्थानांतरण के संबंध में दिनांक 28 फरवरी, 2026 (अपराह्न) से स्वत: कार्यमुक्ति (Stand Relieved) के आदेश जारी किए जाते हैं। दिनांक 28 फरवरी, 2026 (अपराह्न) से कार्यमुक्त ना होने की स्थिति में भी उन्हें स्वत: ही कार्यमुक्त समझा जाएगा।

3. सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय से अनुरोध है कि श्री प्रशान्त कुमार, उप निदेशक (रा. भा.) को दिनांक 28 फरवरी, 2026 से कार्यमुक्त करते हुए राष्ट्रपति सचिवालय में दिनांक 01 मार्च, 2026 को कार्यभार ग्रहण करने का निदेश दें तथा इनकी सेवापंजी, एलपीसी इत्यादि दस्तावेज राष्ट्रपति सचिवालय में सीधे भिजवा दिए जाएं। आदेश की एक प्रति इस विभाग को भी अग्रेषित की जाए।

4. यह आदेश सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

राजेश
26/2/2026

(राजेश कुमार)
सहायक निदेशक (सेवा)
दूरभाष: 011 - 23438078

सेवा में

1. अवर सचिव (प्रशा./ स्थापना), सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली ।
2. अवर सचिव (प्रशासन), राष्ट्रपति सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली
3. श्री प्रशान्त कुमार, उप निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली।
4. तकनीकी निदेशक (एन आई सी)। कृपया इस कार्यालय आदेश को राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करवाने की व्यवस्था करें।
5. गार्ड फाइल।